Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Prasad Shri Ramswaroop

>

Title: Need to run a passenger train in the morning hours between Patna and Islampur - laid.

श्री रामस्वरूप प्रसाद (नालंदा) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान पूर्वी रेल अन्तर्गत पटना-फतुहा-इसलामपुर रेल खंड की ओर आकृट करना चाहता हूं। वर्तमान समय में उपरोक्त रेल खंड पर पटना से इसलमापुर जाने के लिए क्रमशः 10:10, 11:35 पूर्वाह्न एवं 12:30 एवं 8:30 अपराह्न में ट्रेन खुलती है। सुबह के समय पटना से इसलामपुर जाने के लिए कोई ट्रेन नहीं रहने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। साथ ही 8:30 अ0 में पटना से जाने वाली इसलामपुर पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों को लूटे जाने एवं महिला यात्री को सफर करने में असुरक्षा की स्थिति बनी रहती है।

मेरी सरकार से मांग है कि पटना से इसलामपुर जाने के लिए सुबह 6:30 एक पैसेंजर ट्रेन खोला जाये जो 9 बजे इसलामपुर पहुंचकर 9:30 वहां से खुलकर पटना 12 बजे आये। साथ ही पटना से 8:30 अ0 में खुलने वाली पैसेंजर ट्रेन को 6:30 अ0 में खोलने की व्यवस्था की जाये।